हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 20.06.2024 | पृष्ठ सं0 (Page No). 01 | क्रम सं0(Serial No.) 07

कुछ अलग | आरोपी का हुलिया उसकी त्वचा और आवाज से मेल नहीं खा रहा था, दिल्ली से कनाडा जाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया

एयरपोर्ट पर कच्ची एक्टिंग से पकड़ा गया 'चाचा 420'

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। बॉलीवुड की फिल्म चाची 420 में कमल हसन मेकअप की बदौलत पुरुष से महिला बने। उनके मेकअप और अभिनय को लोगों ने खूब सराहा। कुछ इसी तर्ज पर एक युवा ने बुजुर्ग बनकर कनाडा जाने की कोशिश की, मगर ना मेकअप ने साथ दिया और ना ही अभिनय अच्छा कर पाया।

दरअसल, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सीआईएसएफ ने एक ऐसे शख्स को पकड़ा है जो बुजुर्ग बनकर कनाडा जाने की कोशिश कर रहा था। उसकी वास्तविक उम्र 24 वर्ष है, लेकिन वह 67 वर्षीय बुजुर्ग बनकर आया था। खुद को बुजुर्ग दिखाने के लिए उसने न केवल बाल और दाढ़ी सफेद करवाए, बल्कि व्हीलचेयर का भी इस्तेमाल कर रहा था। सीआईएसएफ प्रवक्ता अपूर्व पाण्डेय ने बताया कि मंगलवार शाम को उनकी टीम टर्मिनल-3 से सफर कर रहे यात्रियों पर नजर रख रही थी। इस दौरान उन्हें व्हीलचेयर पर जा रहे बुजुर्ग पर संदेह हुआ। पूछताछ में बुजुर्ग ने अपना परिचय 67 वर्षीय रशविंदर सिंह के रूप में दिया। पासपोर्ट में उनका जन्म 10 फरवरी 1967 दर्ज था। यह शख्स सफेद दाढ़ी, बाल से बुजुर्ग लग रहा था, मगर उसकी त्वचा व आवाज युवाओं जैसी थी। जब उसका मोबाइल खंगाला तो उसमें एक अन्य पासपोर्ट की कॉपी मिली जो 24 वर्षीय गुरु सेवक सिंह की थी। यह उसका असली पासपोर्ट था।



बुजुर्ग के हुलिए में आरोपी।



आरोपी की असली तस्वीर।

24 वर्षीय युवक 67 साल का बुजुर्ग बनकर सफर करने आया था

02 पासपोर्ट बरामद हुए हैं आरोपी के पास से सीआईएसएफ को

10 फरवरी 1967 दर्ज था उसका जन्म दिन, उससे बरामद पहले पासपोर्ट में

चकमा देने के लिए व्हीलचेयर का प्रयोग

सीआईएसएफ टीम की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रात 10:50 बजे की उड़ान से कनाडा जाने वाला था। गहनता से जांच की तो पता चला कि शख्स बुजुर्ग नहीं युवा है। उसने अपने बाल और दाढ़ी सफेद करवा रखी है। खुद को बुजुर्ग दिखाने के लिए चश्मा भी लगा रखा है। चकमा देने के लिए वह व्हीलचेयर से जा रहा था।